डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर

डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया लि.
भारत सरकार (रेल मंत्रालय) का उपक्रम
Dedicated Freight Corridor Corporation of India Limited
A Govt. of India (Ministry of Railways) Enterprise

**No. 2024/HQ/Admin/RTI-1127** **New Delhi: 27.11.2024**

**श्री देवेंद्र कुमार शर्मा**
**सीनियर एग्जीक्यूटिव (OP&BD)**
**421/21 लहर एन्क्लेव**
**लहर की देवी मंदिर के पास**
**सीपरी बाजार, झांसी-248003**
**Mobile-7754968880**

**विषय: सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत सूचना उपलब्ध कराना।**

संदर्भ: आपका आरटीआई आवेदन 09.11.2024, जो इस कार्यालय में CGM/ इलाहाबाद के कार्यालय द्वारा दिनांक 26.11.2024 को प्राप्त हुआ।

---

उपरोक्त आवेदन के सन्दर्भ में, संबंधित कार्यालय से प्राप्त सूचना संलग्न है।

आशा है उपरोक्त जानकारी पूर्ण और संतोषजनक है। यदि नहीं, तो आप अपीलीय प्राधिकारी को पत्र की प्राप्ति के 30 दिनों के भीतर अपील कर सकते हैं, जिसका नाम और पता इस प्रकार है;

**श्री गौरव शर्मा**
**महाप्रबंधक / प्रशासन, DFCCIL,**
**चतुर्थ मंजिल, सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन बिल्डिंग,**
**प्रगति मैदान, नई दिल्ली -110001**

**संलग्न: 01** पृष्ठ

**(एस. के. पण्डा)**
**अपर महाप्रबंधक /प्रशा. (ज. सू. अ.)**
**9717636811**

प्रेषण
27 NOV 2024
प्रेषण सं०
हस्ताक्षर

ED573431416IN

**No.: ALD (W) EN/RTI/49-(Vol-IV)/5131**

**Date: 25/11/2024**

एस. के. पाण्डा
जे.जी.एम/एडमिन (सी.पी.आई.ओ.)
डी.एफ.सी.सी.आई.एल.
नई दिल्ली।

विषयः जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत कर्मचारी को वेतन पत्रक न दिए जाने के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः आवेदक का पत्रांक संख्या निल दिनांक 09.11.2024।

विषयगत प्रकरण के सम्बन्ध में आवेदक श्री देवेन्द्र कुमार शर्मा, वरिष्ठ कार्यकारी/ओ.पी. एवं बी.डी./ओ.सी.सी./प्रयागराज द्वारा वांछित सूचना का प्रतिउत्तर निम्नवत् हैः–

| क्र.स. | वांछित सूचना | सूचना |
|---|---|---|
| 1 | कृपया मुझे उस नियम की जानाकरी प्रदान करें जिसमें कर्मचारी को वेतन पत्रक न दिए जाने का उल्लेख है। यदि ऐसा कोई नियम नहीं है तब मुझे नवम्बर 2022 के बाद से जून 2024 तक प्रत्येक माह का वेतन पत्रक उपलब्ध कराने का कष्ट करें। | अवगत कराना है कि वेतन पत्रक की कागजी प्रति (Hard Copy) दिये जाने का औचित्य नहीं है। क्योंकि प्रत्येक माह का वेतन पत्रक देखने के लिए डी.एफ.सी.सी.आई.एल./प्रधान कार्यालय द्वारा एक मोबाइल ऐप विकसित किया गया था। जिससे सभी पुनर्नियुक्त (Re-Employed) कर्मचारी अपना वेतन पत्रक का अवलोकन कर सकते हैं। तदानुसार आपको भी अपना वेतन पत्रक देखने की सुविधा थी। |
| 2 | कृपया मुझे अवगत कराया जाए की माह जनवरी 2024 तथा जून 2024 में मेरी उपस्थिति कितने दिन थी और मुझे वेतन कितने दिन का दिया गया है। इसके अतिरिक्त माह फरवरी 2024, मार्च 2024 और अप्रैल 2024 का वेतन रोके जाने के कारण से सम्बन्धित नियम का विवरण प्रदान करें। | आपके कार्यस्थल द्वारा प्राप्त उपस्थिति पंजिका के अनुसार जनवरी 2024 में दिनांक 08.01.2024 से 15.01.2024 तक तथा जून 2024 में दिनांक 16.06.2024 से 30.06.2024 तक कार्य से अनुपस्थित रहे। इस कार्यालय में उपलब्ध अभिलेखों के अनुसार शेष दिनों का वेतन भुगतान आपको किया जा चुका है। |

इस पत्र पर मुख्य महाप्रबंधक/प्रयागराज (पश्चिम) का अनुमोदन प्राप्त है।

25.11.24
(अजीत कुमार सिंह)
उप परि० प्र०/ए.पी.आई.ओ.
डी.एफ.सी.सी.आई.एल.
प्रयागराज (पश्चिम)